कर्नल विनय कुमार (से.नि.)
परीक्षा नियन्त्रक

उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ), फाफामऊ, प्रयागराज– 211021
मोबाइल – 7525048009, 7525048031

पत्रांक : ओ. यू./परीक्षा/1376 /2025 दिनांक : 30/04/2025

# सूचना

एतद्द्वारा माननीय कुलपति जी द्वारा दिये निर्देशों के क्रम में समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की सत्रांत परीक्षा जून – 2025 की परीक्षा में सम्मलित होने वाले परीक्षार्थियों/शिक्षार्थिया के परीक्षा फार्म भरने, अधिन्यास, परियोजना कार्य/प्रोजेक्ट जमा करने एवं बैक परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2025 निर्धारित थी जिसे निम्न विरणानुसार विस्तारित कर दिया गया हैः–

| क्र. सं. | विवरण | पूर्व निर्धारित तिथि | प्रस्तावित अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | परीक्षार्थियों/शिक्षार्थियों द्वारा अध्ययन केन्द्रों पर अधिन्यास तथा परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट) जमा करने की प्रस्तावित तिथि | 30 अप्रैल 2025 | 05 मई 2025 |
| 2 | अध्ययन केन्द्रों द्वारा मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर अंकों को पोर्टल पर टंकित करने की प्रस्तावित तिथि | 05 मई 2025 | 10 मई 2025 |
| 3 | अध्ययन केन्द्रों द्वारा अंक पर्णो को सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र पर जमा करने की प्रस्तावित तिथि | 15 मई 2025 | 15 मई 2025 |
| 4 | क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा अध्ययन केन्द्रों से प्राप्त अधिन्यास अंक पर्णो से सत्यापन की प्रस्तावित तिथि | 20 मई 2025 | 20 मई 2025 |
| 5 | परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम प्रस्तावित तिथि तक<br>(जनवरी 2025 में प्रवेशित शिक्षार्थियों हेतु परीक्षा फार्म **शुल्क 600/–रूपया)**<br>**नोट :–** पूर्व सत्रों में प्रवेशित सभी शिक्षार्थियों हेतु परीक्षा फार्म **निःशुल्क** | 25 मई 2025 | 25 मई 2025 |
| 6 | परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि के उपरान्त परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम प्रस्तावित तिथि तक<br>**(विलम्ब शुल्क 1500/–रूपया सभी शिक्षार्थियों हेतु)** | 25 मई 2025 | 25 मई 2025 |
| 7 | परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने के उपरान्त परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम प्रस्तावित तिथि तक<br>**(विलम्ब शुल्क 3000/–रूपया सभी शिक्षार्थियों हेतु)** | परीक्षा पर्यनत **(सम्बन्धित प्रश्न पत्र की परीक्षा की तिथि से एक दिन पूर्व)** | परीक्षा पर्यनत **(सम्बन्धित प्रश्न पत्र की परीक्षा की तिथि से एक दिन पूर्व)** |
| 8 | परीक्षार्थियों द्वारा बैक परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम प्रस्तावित तिथि तक<br>**(शुल्क 500/–रूपया प्रति प्रश्न पत्र)** | 30 मई 2025 | 30 मई 2025 |
| 9 | परीक्षार्थियों द्वारा बैक परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि के पश्चात बैक परीक्षा फार्म भरने की तिथि तक<br>**(विलम्ब शुल्क 1000/–रूपया प्रति प्रश्न पत्र)** | परीक्षा पर्यनत **(सम्बन्धित प्रश्न पत्र की परीक्षा की तिथि से एक दिन पूर्व)** | परीक्षा पर्यनत **(सम्बन्धित प्रश्न पत्र की परीक्षा की तिथि से एक दिन पूर्व)** |
| 10 | सत्रांत परीक्षा जून – 2025 की परीक्षा का प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड करने की प्रस्तावित तिथि | 26 मई 2025 | 26 मई 2025 |
| 11 | परीक्षा प्रारम्भ होने की प्रस्तावित तिथि | 31 मई 2025 | 31 मई 2025 |
| 12 | अध्ययन केन्द्रों द्वारा परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट) को परीक्षा विभाग में प्रेषित करने की प्रस्तावित तिथि तक | 31 मई 2025 | 10 जून 2025 |

सभी अध्ययन केन्द्र समन्वयकों को सूचित किया जाता है कि सत्रान्त परीक्षा जून – 2025 के सापेक्ष प्राप्त अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर अंकों को अपने पैनल पर आनलाइन प्रविष्टि अनिवार्य रूप से करते रहें। अध्ययन केन्द्र सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र को अधिन्यास अंक के पर्ण की एक प्रति उपलब्ध करायेगें। क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक द्वारा प्रतिदिन आनलाइन अधिन्यास अंकों के सत्यापन का कार्य पूर्ण किया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात् अधिन्यास पैनल बन्द कर दिया जायेगा। **यह भी सूचित किया जाता है कि अन्तिम तिथि के पश्चात् आफलाइन अधिन्यास जमा नही किया जायेगा।**

विश्वविद्यालय की सत्रांत परीक्षा जून – 2025 की परीक्षा में सम्मलित होने वाले सम्बन्धित परीक्षार्थियों / शिक्षार्थियों को परीक्षा फार्म आवेदन करने हेतु अधिन्यास अंक अनिवार्य होगा। **उक्त परीक्षा के सापेक्ष प्रवेश पत्र उन्हीं परीक्षार्थियों / शिक्षार्थियों का जारी होगा जिनका अधिन्यास अंक प्राप्त होगा।**

**नोट :–** ***परीक्षा फार्म भरने, अधिन्यास, परियोजना कार्य / प्रोजेक्ट जमा करने एवं बैक परीक्षा फार्म भरने की यह अन्तिम विस्तारित तिथि है।***

for परीक्षा नियंत्रक

पृ. संख्या ओ. यू. /                    /2025            तद्दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. नोटिस बोर्ड, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
2. प्रभारी, तकनीकि प्रकोष्ठ को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल UPLOAD करवाने का कष्ट करें।
3. क्षेत्रीय समन्वयक, गोरखपुर / लखनऊ / वाराणसी / बरेली / प्रयागराज / आगरा / गाजियाबाद / मेरठ / झांसी / कानपुर / अयोध्या / आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि अपने क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले सभी अध्ययन केन्द्रों को उक्त सूचना अपने स्तर से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. समस्त विद्याशाखा के निदेशकगण / पुस्तकालयाध्यक्ष / समस्त प्रभारी, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
5. वित्त अधिकारी, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
6. कुलसचिव, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
7. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

for परीक्षा नियंत्रक